an>

title: Need to set up an airport in Saharanpur district, Uttar Pradesh.

श्री राघव लखनपाल (सहारनपुर) : महोदय, हमारी सरकार द्वारा छोटे एवं मध्यम श्रेणी के नगरों को हवाई सेवा के माध्यम से जोड़ने की एक योजना संचालित की जाने वाली है, जिसके अंतर्गत सहारनपुर जनपद में भी हवाई अड्डे का निर्माण कर इसको हवाई सेवा से जोड़ा जाना बेहद उपयोगी रहेगा।

सहारनपुर जनपद प्राचीन काल से ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश ही नहीं अपितु उत्तर भारत का एक प्रमुख व्यवसायिक केन्द्र रहा है। यहां विश्व प्रसिद्ध काष्ठ कला उद्योग एवं होजरी उद्योग संचालित हैं जिसके उत्पादों का सम्पूर्ण विश्व में निर्यात होता है। इससे संबंधित देशी-विदेशी व्यापारी प्रतिदिन सहारपुर आते हैं। आई.टी.सी., स्टार पेपर मिल्स जैसे बड़े उद्योग भी यहां स्थापित हैं एवं विश्व प्रसिद्ध शक्ति पीठ माता शाकुम्भरी देवी का मन्दिर व दारूल उलूम देवबन्द भी यहां पर स्थित हैं। केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तावित 'स्मार्ट सिटी योजना' में भी सहारनपुर का चयन हो चुका है। सहारनपुर नगर मण्डल मुख्यालय भी है।

अतः इतने महत्वपूर्ण जनपद में पूर्ण रूप से चालित हवाई अड्डे का निर्माण होना बेहद उपयोगी कार्य रहेगा जो नई दिल्ली स्थित हवाई अड्डे का बोझ कम करने में भी सहायक सिद्ध होगा, क्योंकि मेरठ, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, हरिद्वार, यमुनानगर आदि जनपद सहारनपुर के बेहद नजदीकी एवं महत्वपूर्ण जनपद हैं। इन सभी जनपदों के यात्री प्रतिदिन यहां से हवाई सेवा का लाभ ले सकेंगे।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जनपद सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) में एक पूर्ण रूप से चालित हवाई अड्डे का निर्माण किये जाने हेतु शीघ्र आवश्यक कदम उठाए जाएं।